Exam Date - 12-02-2023

22/2/23

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 24
Number of Pages in Booklet : 24

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100
No. of Questions in Booklet : 100

**STS-32**

प्रश्न-पुस्तिका संख्या व बारकोड
Question Booklet No. & Barcode

**4155877**

इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए
Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.

Paper Code : 02

Sub: G.K. & Education Psychology

समय : 2:00 घण्टे
Time : 2:00 Hours

# Paper - I

अधिकतम अंक : 200
Maximum Marks : 200

प्रश्न-पुस्तिका के पेपर की सील/पोलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :
- प्रश्न-पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है ।
- प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं । समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/मुद्रण त्रुटि नहीं है ।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper the candidate should ensure that :
- Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.
- All pages & Questions of Question Booklet and OMR answer sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.

If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. OMR उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
6. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है ।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **नीले बॉल पॉइंट पेन** से गहरा करना है ।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।
10. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करते हुए **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2022** तथा अन्य प्रभावी **कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
6. Please correctly fill your Roll Number in **O.M.R.** Answer Sheet. Candidate will themself be responsible for filling wrong Roll No.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. Each question has four alternative responses marked serially as 1, 2, 3, 4. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **Blue Ball Point Pen.**
9. If there is any sort of ambiguity/ mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
10. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.

**Warning** : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Prevention of Unfair means) Act, 2022 & any other law applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

उत्तर-पत्रक में दो प्रतियाँ हैं - मूल प्रति और कार्बन प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें । वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे । परीक्षार्थी कार्बन प्रति को अपने साथ ले जायेंगे ।

1. 1857 की क्रान्ति के समय किस पोलिटिकल ऐजेंट का सिर काटकर आऊवा के किले के दरवाजे पर लटका दिया था ?
(1) जॉर्ज लॉरेन्स (2) मि. बर्टन
(3) मैक मेसन (4) मि. काटम

2. निम्न में से 1923 में बंद किए गए किस समाचार-पत्र को 'तरुण राजस्थान' के नाम से पुन:प्रकाशित किया गया ?
(1) राजस्थान केसरी
(2) नवजीवन
(3) नवीन राजस्थान
(4) राजस्थान

3. मोतीलाल तेजावत ______ ठिकाने में कामदार थे ।
(1) झाडोल (2) बान्सी
(3) सलूम्बर (4) बिजौलिया

4. निम्न में से कौन सा नेता माउण्ट आबू के राजस्थान में विलय से संबंधित है ?
(1) सिद्धराज ढढ्ढा
(2) हीरालाल शास्त्री
(3) गोकुल भाई भट्ट
(4) गोकुललाल असावा

5. लोक देवता कल्लाजी राठौड़ के समकालीन मेवाड़ का शासक कौन था ?
(1) महाराणा प्रताप (2) उदयसिंह
(3) अमरसिंह (4) जगतसिंह

6. निम्न में से किसने जयपुर में नाथों का प्रभाव समाप्त कर रामानंदी भक्ति परंपरा स्थापित की ?
(1) पयहारी स्वामी
(2) अग्रदासजी
(3) कील्हदासजी
(4) विट्ठलदासजी

1. Which political agent was beheaded and hanged at the gate of Auwa fort during the revolution of 1857 ?
(1) George Lawrence
(2) Mr. Burton
(3) Mac Mason
(4) Mr. Katam

2. Which of the following newspapers shut-down in 1923 was republished by the name Tarun Rajasthan ?
(1) Rajasthan Kesari
(2) Navjeevan
(3) Naveen Rajasthan
(4) Rajasthan

3. Motilal Tejawat was the Kamdar of ______ thikana.
(1) Jharol (2) Bansi
(3) Salumber (4) Bijoliya

4. Who among the following leaders is associated with the integration of Mt. Abu with Rajasthan ?
(1) Siddharaj Daddha
(2) Hiralal Shastri
(3) Gokul Bhai Bhatt
(4) Gokul Lal Asawa

5. Who was the contemporary ruler of Mewar at the time of Lok-Devta Kallaji Rathore ?
(1) Maharana Pratap
(2) Udai Singh
(3) Amar Singh
(4) Jagat Singh

6. Who among the following ended the influence of the Naths in Jaipur and established Ramanandi Bhakti Tradition ?
(1) Payahari Swami
(2) Agradasji
(3) Kilhadasji
(4) Vitthaldasji

7. जोधपुर का मेहरानगढ़ दुर्ग किस पहाड़ी पर अवस्थित है ?
(1) अरावली
(2) सोनगिरी
(3) चिड़िया टूक
(4) गर्गाचारी

8. घाणेराव, रियाँ, भिनाय, जूनियाँ आदि ठिकाणा कला सम्बन्धित हैं –
(1) मेवाड़ स्कूल चित्रशैली
(2) मारवाड़ स्कूल चित्रशैली
(3) हाड़ौती स्कूल चित्रशैली
(4) ढूँढाड़ स्कूल चित्रशैली

9. अनवट, अनोटा, जरा और पोलरा शरीर के किस अंग के आभूषण हैं ?
(1) कान (2) पाँव
(3) नाक (4) सिर

10. राजस्थान के किस सम्प्रदाय में पुरुषों द्वारा अग्नि नृत्य किया जाता है ?
(1) दादूपंथ
(2) जसनाथी सिद्ध
(3) रामस्नेही सम्प्रदाय
(4) बिश्नोई सम्प्रदाय

11. कुवलयमाला नामक कथा संग्रह में कितनी देशी भाषाओं के नाम का उल्लेख हुआ है ?
(1) 15 (2) 16
(3) 17 (4) 18

12. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित है ?
(1) विरुद्ध छिहत्तरी - कृपाराम खिड़िया
(2) राजिया रा सोरठा - उदयराज उज्ज्वल
(3) बोल भारमली - सत्यप्रकाश जोशी
(4) केसर विलास - यादवेंद्र शर्मा

7. On which hill is the Mehrangarh Fort of Jodhpur situated ?
(1) Aravalli
(2) Songiri
(3) Chidiya took
(4) Garga chari

8. Thikana art of Ghanerav, Riyan, Bhinay, Junia etc. are related to
(1) Mewar school of painting
(2) Marwar school of painting
(3) Hadoti school of painting
(4) Dhundhar school of painting

9. Anvata, Anota, Jara and Polra were the ornaments of which part of the body ?
(1) Ears (2) Feet
(3) Nose (4) Head

10. In which sect of Rajasthan do men perform Agni dance (fire dance) ?
(1) Dadupanth
(2) Jasnathi Siddha
(3) Ramsnehi Sect
(4) Bishnoi Sect

11. How many local dialects are mentioned in Katha collection named Kuvalayamala ?
(1) 15 (2) 16
(3) 17 (4) 18

12. Which of the following pairs is correctly matched ?
(1) Virud Chehatri – Kriparam Khidiya
(2) Rajia-ra-sortha – Udairaj Ujjwal
(3) Bol Bharmali – Satya Prakash Joshi
(4) Kesar Vilas – Yadvendra Sharma

13. राजस्थान के निम्नलिखित प्रजामंडलों पर विचार कीजिए :

(i) मारवाड़

(ii) मेवाड़

(iii) बाँसवाड़ा

इनका स्थापना के अनुसार सही कालानुक्रम है :

(1) (i), (iii), (ii)
(2) (i), (ii), (iii)
(3) (iii), (ii), (i)
(4) (ii), (iii), (i)

14. निम्न में से कौन सा असंगत युग्म है ?

(1) मोमासर उत्सव - जोधपुर
(2) चंद्रभागा मेला - झालावाड़
(3) कजली तीज उत्सव - बूँदी
(4) शीत महोत्सव - माउण्ट आबू

15. प्रथम बार सात-हजारी के मनसब और मिर्जा राजा की उपाधि प्राप्त करने वाला आमेर का शासक था :

(1) भगवानदास (2) सवाई जयसिंह
(3) मानसिंह (4) राजा बिशनसिंह

16. मुगल-मारवाड़ संघर्ष छिड़ने पर मेवाड के किस महाराणा ने राठौड़ों का साथ दिया ?

(1) महाराणा कर्णसिंह
(2) महाराणा जगतसिंह
(3) महाराणा जयसिंह
(4) महाराणा राजसिंह

17. राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल है –

(1) 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो।
(2) 6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो।
(3) 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो।
(4) 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो।

13. Consider the following Prajamandals of Rajasthan :

(i) Marwar (ii) Mewar
(iii) Banswara

The correct chronological formation order is :

(1) (i), (iii), (ii)
(2) (i), (ii), (iii)
(3) (iii), (ii), (i)
(4) (ii), (iii), (i)

14. Which of the following pairs is not correctly matched ?

(1) Momasar festival – Jodhpur
(2) Chandrabhaga fair – Jhalawar
(3) Kajli Teej festival – Bundi
(4) Winter festival – Mt. Abu

15. Name the first ruler of Amber who received the title of Mirza Raja and Mansab of Saat Hazari.

(1) Bhagwandas
(2) Sawai Jai Singh
(3) Man Singh
(4) Raja Bishan Singh

16. Which Maharana of Mewar supported the Rathores in the Mughal – Marwar struggle ?

(1) Maharana Karan Singh
(2) Maharana Jagat Singh
(3) Maharana Jai Singh
(4) Maharana Raj Singh

17. What is the tenure of the Chairperson of Rajasthan Public Service Commission ?

(1) 6 years or till age of 65, whichever is earlier.
(2) 6 years or till age of 62, whichever is earlier.
(3) 5 years or till age of 70, whichever is earlier.
(4) 5 years or till age of 65, whichever is earlier.

18. निम्नांकित में से कौन राजस्थान के राज्यपाल के द्वारा नियुक्त नहीं किए जाते हैं ?
(1) राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश
(2) राजस्थान के कैबिनेट मंत्री
(3) राज्य-पोषित विश्वविद्यालय के कुलपति
(4) राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष

19. निम्नांकित में से किसने राजस्थान के मुख्यमंत्री का पद चार बार धारित किया है ?
(1) हरिदेव जोशी
(2) भैरोंसिंह शेखावत
(3) मोहनलाल सुखाड़िया
(4) शिवचरण माथुर

20. भारत के संविधान के अनुसार, राजस्थान की मंत्रिपरिषद् में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या कितने से अधिक नहीं हो सकती ?
(1) 29 से (2) 30 से
(3) 15 से (4) 20 से

21. राजस्थान के निम्नांकित मुख्य सचिवों में से किसका कार्यकाल सबसे कम रहा है ?
(1) गोपाल कृष्ण भनोत्
(2) आनंद मोहनलाल सक्सेना
(3) एच.एम. माथुर
(4) इन्द्रजीत खन्ना

22. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की निम्नलिखित में से किस धारा में राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति के प्रावधान का उल्लेख है ?
(1) 21 (2) 22
(3) 23 (4) 24

23. निम्नलिखित में से किस शहर में पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र स्थित नहीं है ?
(1) अजमेर (2) सिरोही
(3) डूँगरपुर (4) मंडोर

18. Who among the following is not appointed by the Governor of Rajasthan ?
(1) Judge of Rajasthan High Court
(2) Cabinet Minister of Rajasthan
(3) Vice-chancellor of State Funded University
(4) Chairman of Rajasthan Public Service Commission

19. Who among the following has held the office of Chief Minister of Rajasthan four times ?
(1) Haridev Joshi
(2) Bhairon Singh Shekhawat
(3) Mohan Lal Sukhadia
(4) Shiv Charan Mathur

20. According to the Constitution of India, the total number of ministers, including Chief Minister, in the Council of Ministers of Rajasthan, shall not exceed the number of
(1) 29 (2) 30
(3) 15 (4) 20

21. Who among the following Chief Secretaries of Rajasthan has had the shortest tenure ?
(1) Gopal Krishna Bhanot
(2) Aanand Mohanlal Saxena
(3) H.M. Mathur
(4) Indrajeet Khanna

22. The provision of appointment of the Chairperson of State Human Rights Commission is mentioned in which of the following Section of the Protection of Human Rights Act, 1993 ?
(1) 21 (2) 22
(3) 23 (4) 24

23. In which of the following city Panchayat Training Centre is not located ?
(1) Ajmer (2) Sirohi
(3) Dungarpur (4) Mandore

24. राजस्थान विधान सभा में सदस्यों की निरर्हताओं से सम्बन्धित प्रश्नों पर विनिश्चय के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(i) यदि यह प्रश्न उठता है कि राज्य विधान सभा का कोई सदस्य भारत के संविधान के अनुच्छेद 191 के खण्ड (1) में वर्णित किसी निरर्हता से ग्रस्त हो गया है या नहीं, तो वह प्रश्न विधान सभाध्यक्ष को विनिश्चय के लिए निर्देशित किया जाएगा और उसका विनिश्चय अन्तिम होगा ।

(ii) ऐसे किसी प्रश्न पर विनिश्चय करने से पहले अध्यक्ष निर्वाचन आयोग की राय लेगा और ऐसी राय के अनुसार कार्य करेगा ।

(1) केवल (i) सही है ।

(2) केवल (ii) सही है ।

(3) (i) व (ii) दोनों सही हैं ।

(4) न तो (i) और न ही (ii) सही है ।

25. भारत के संविधान के अनुच्छेद 199 के अन्तर्गत दी गई धन विधेयक की परिभाषा में निम्नांकित में से कौन सम्मिलित नहीं है ?

(1) विधेयक जो राज्य सरकार द्वारा किसी कर के अधिरोपण, उत्सादन, परिहार, परिवर्तन या विनियमन का उपबंध करता है ।

(2) विधेयक जो राज्य द्वारा धन उधार लेने के विनियमन का उपबंध करता है ।

(3) विधेयक जो राज्य की संचित निधि या आकस्मिकता निधि की अभिरक्षा का उपबंध करता है ।

(4) विधेयक जो किसी स्थानीय प्राधिकारी या निकाय द्वारा स्थानीय प्रयोजनों के लिए किसी कर के अधिरोपण, उत्सादन, परिहार, परिवर्तन या विनियमन का उपबंध करता है ।

24. Consider the following statements regarding decision on questions as to disqualifications of members of Rajasthan Legislative Assembly :

(i) If any question arises as to whether a member of the Legislative Assembly has become subject to any of the disqualifications mentioned in clause(1) of the Article 191 of the Constitution of India, the question shall be referred to the decision of the Speaker of the House and his decision shall be final.

(ii) Before giving any decision on any such question, the Speaker shall obtain the opinion of the Election Commission and shall act according to such opinion.

(1) Only (i) is correct.

(2) Only (ii) is correct.

(3) Both (i) and (ii) are correct.

(4) Neither (i), nor (ii) is correct.

25. Which one of the following is not included in the definition of Money Bill given in Article 199 of the Constitution of India ?

(1) A bill which provides for the imposition, abolition, remission, alteration or regulation of any tax by State Government.

(2) A bill which provides for the regulation of the borrowing of money by the State.

(3) A bill which provides for the custody of the consolidated fund or contingency fund of the State.

(4) A bill which provides for the imposition, abolition, remission, alteration or regulation of any tax by local authority or body for local purposes.

26. राजस्थान में पंचायती राज के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

कथन (I) - जोधपुर, भरतपुर, जयपुर, सिरोही, उदयपुर और करौली रियासतों ने पंचायतों पर कानून बनाए।

कथन (II) – बीकानेर राज्य का अपना ग्राम पंचायत अधिनियम बहुत पहले 1928 में था।

कथन (III) - 1949 में राजस्थान पंचायत अधिनियम बनाया गया और पूरे राज्य में ग्राम पंचायतों की स्थापना की गई।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें :

(1) (I) और (II) सही हैं।
(2) (II) और (III) सही हैं।
(3) (I) और (III) सही हैं।
(4) (I), (II) और (III) सही हैं।

27. निम्नांकित में से कौन राजस्थान रत्न अवार्ड-2022 से सम्मानित होने वालों की सूची में सम्मिलित नहीं हैं ?

(1) आर.एम. लोढ़ा
(2) शीन काफ़ निज़ाम
(3) के.सी. मालू
(4) डी.आर. मेहता

28. राजस्थान ई-व्हीकल पॉलिसी 2022 में अपने प्रारंभ से कितने समय तक अस्तित्व में रहेगी ?

(1) 3 वर्ष (2) 5 वर्ष
(3) 7 वर्ष (4) 10 वर्ष

29. देवेंद्र झाझड़िया ने अब तक पैरालम्पिक में कितने पदक हासिल किए हैं ?

(1) चार (2) तीन
(3) दो (4) एक

26. Read the following statements carefully in the context of Panchayati Raj in Rajasthan :

Statement (I) – The princely states of Jodhpur, Bharatpur, Jaipur, Sirohi, Udaipur and Karauli enacted legislations on Panchayats.

Statement (II) – Bikaner state had its own Gram Panchayat Act much earlier in 1928.

Statement (III) – In 1949, the Rajasthan Panchayat Act was enacted and Village Panchayats were established throughout the state.

Select the correct option from the following :

(1) (I) and (II) are correct.
(2) (II) and (III) are correct.
(3) (I) and (III) are correct.
(4) (I), (II) and (III) are correct.

27. Who among the following is not included in the Rajasthan Ratna Award list – 2022 ?

(1) R.M. Lodha
(2) Sheen Kaf Nizam
(3) K.C. Malu
(4) D.R. Mehta

28. For how long will the Rajasthan E-vehicle Policy be in existence from its launch in 2022 ?

(1) 3 years (2) 5 years
(3) 7 years (4) 10 years

29. How many medals have been won by Devendra Jhajharia in the Paralympics upto now ?

(1) Four (2) Three
(3) Two (4) One

30. आई एस एफ आर (ISFR) 2021 के अनुसार राजस्थान में वन का कुल कार्बन स्टॉक है :
(1) 110.77 मिलियन टन
(2) 82.77 मिलियन टन
(3) 91.58 मिलियन टन
(4) 141.58 मिलियन टन

31. दिसम्बर 2021 तक राजस्थान की कुल अधिष्ठापित ऊर्जा उत्पादन क्षमता कितनी है ?
(1) 21979.23 मेगावाट
(2) 27891.39 मेगावाट
(3) 23321.40 मेगावाट
(4) 32569.78 मेगावाट

32. निम्नांकित में से कौन सा खेल 'राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल-2022' में शामिल नहीं है ?
(1) फुटबॉल (2) वालीबॉल
(3) टेनिस बॉल क्रिकेट (4) खो-खो

33. निम्नलिखित में से राजस्थान के किस बजट में महिला निधि की घोषणा की गई थी ?
(1) 2020-21 (2) 2021-22
(3) 2022-23 (4) 2019-20

34. निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़ें :
कथन-1 : सतत विकास लक्ष्य 17 वैश्विक लक्ष्यों का एक संग्रह है ।
कथन-2 : भारत के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 4 श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है : अचीवर, फ्रंट रनर, परफॉर्मर एवं एस्पिरेंट ।
कथन-3 : बारां राजस्थान का एकमात्र एस्पिरेंट श्रेणी का जिला है ।
निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें :
(1) केवल कथन 1 सत्य है ।
(2) कथन 1 और 2 सत्य हैं ।
(3) कथन 1, 2 और 3 सत्य हैं ।
(4) कथन 1 और 3 सत्य हैं ।

30. According to ISFR 2021 the total carbon stock of forest in Rajasthan is :
(1) 110.77 Million Tonnes
(2) 82.77 Million Tonnes
(3) 91.58 Million Tonnes
(4) 141.58 Million Tonnes

31. What is the total installed energy generation capacity of Rajasthan upto December 2021?
(1) 21979.23 MW (2) 27891.39 MW
(3) 23321.40 MW (4) 32569.78 MW

32. Which of the following game is not included in Rajeev Gandhi Rural Olympic Games – 2022 ?
(1) Football
(2) Volleyball
(3) Tennis ball Cricket
(4) Kho-Kho

33. In which of the following budget of Rajasthan, Mahila Nidhi was announced ?
(1) 2020-21 (2) 2021-22
(3) 2022-23 (4) 2019-20

34. Read the following statements carefully :
**Statement-1 :** Sustainable Development Goals are a collection of 17 global goals.
**Statement-2 :** States and Union Territories of India have been classified into 4 categories : Achiever, Front runner, Performer and Aspirant.
**Statement-3 :** Baran is the only Aspirant category district in Rajasthan.
Select the correct option among the following :
(1) Only statement 1 is true.
(2) Statements 1 and 2 are true.
(3) Statements 1, 2 and 3 are true.
(4) Statements 1 and 3 are true.

35. राजीव गांधी किसान बीज उपहार योजना रबी 2022-23 के संबंध में सही कथन का चयन करें :

कथन-1 : यह योजना राजस्थान राज्य बीज निगम द्वारा क्रियान्वित की जा रही है ।

कथन-2 : प्रत्येक जिले में 111 किसानों को लॉटरी के माध्यम से उपहार दिए जाएँगे ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल कथन 1 सही है ।
(2) केवल कथन 2 सही है ।
(3) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं ।
(4) कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं ।

36. निम्नलिखित में से कौन राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद की अधिकार प्राप्त समिति का अध्यक्ष है ?

(1) मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार
(2) मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार
(3) सचिव, सहकारिता विभाग, राजस्थान सरकार
(4) मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्थान सरकार

37. दक्षिण अमेरिकी देशों में से कौन सा एकमात्र देश है जिसकी अटलांटिक तथा प्रशान्त दोनों समुद्री तटरेखाएँ पायी जाती हैं ?

(1) कोलम्बिया
(2) ब्राजील
(3) वेनेजुएला
(4) चिली

38. फेरल के नियम के अनुसार, ग्रहीय पवनें सर्वाधिक विक्षेपित होती हैं –

(1) भूमध्य-रेखा के पास
(2) 30° उत्तरी तथा दक्षिणी अक्षांशों के पास
(3) 60° उत्तरी तथा दक्षिणी अक्षांशों के पास
(4) ध्रुवों के पास

35. Select the correct statement regarding Rajiv Gandhi Kisan Beej Uphaar Yojana Rabi 2022-23 :

**Statement-1** : This scheme is being implemented by Rajasthan State Seed Corporation.

**Statement-2** : 111 farmers will be given gift through lottery in each district.

Select the correct option from the following :

(1) Only statement 1 is correct.
(2) Only statement 2 is correct.
(3) Both statements 1 and 2 are correct.
(4) Both statements 1 and 2 are incorrect.

36. Who among the following is the Chairman of the Empowered Committee of the Rajasthan Grameen Aajeevika Vikas Parishad ?

(1) Chief Minister, Government of Rajasthan
(2) Chief Secretary, Government of Rajasthan
(3) Secretary, Co-operative Department, Government of Rajasthan
(4) Minister, Rural Development Department, Government of Rajasthan

37. Which one is the only South American country to have both Atlantic and Pacific coastlines ?

(1) Colombia (2) Brazil
(3) Venezuela (4) Chile

38. As per Farrel's law, planetary winds deflect maximum –

(1) Near Equator
(2) Near 30° north and south latitudes
(3) Near 60° north and south latitudes
(4) Near poles

39. निम्नलिखित में से कौन से कारक जलवायु परिवर्तन के लिए उत्तरदायी हैं ?

(a) सौर धब्बे
(b) एल नीनो व ला नीना
(c) बाह्य अन्तरिक्ष परिघटनाएँ
(d) अनाच्छादन

(1) (a), (b), (d)
(2) (a), (c), (d)
(3) (a), (b), (c)
(4) (b), (c), (d)

40. सन 2021 में निम्नलिखित में से किस महाद्वीप की जनसंख्या सबसे कम है ?

(1) यूरोप
(2) उत्तरी अमेरिका
(3) दक्षिणी अमेरिका
(4) अफ्रीका

41. विश्व प्रवासन रिपोर्ट-2020 के अनुसार, अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासियों की जनसंख्या लगभग है –

(1) 121 मिलियन
(2) 281 मिलियन
(3) 581 मिलियन
(4) 1281 मिलियन

42. हिमालय चोटियों का निम्नलिखित में से कौन सा एक दक्षिण से उत्तर की ओर सही क्रम है ?

(1) काराकोरम – लद्दाख – जास्कर – पीर पंजाल
(2) लद्दाख – जास्कर – पीर पंजाल – काराकोरम
(3) जास्कर – पीर पंजाल – काराकोरम – लद्दाख
(4) पीर पंजाल – जास्कर – लद्दाख – काराकोरम

43. निम्नलिखित में से कौन सा स्थान दक्षिण-पश्चिम मानसून से सबसे पहले वर्षा प्राप्त करता है ?

(1) कोलकता
(2) मुम्बई
(3) राँची
(4) अगरतला

39. Which of the following factors are responsible for climate change ?

(a) Sun Spots
(b) El Nino and La Nina
(c) Phenomenon in Outer Space
(d) Denudation

(1) (a), (b), (d)
(2) (a), (c), (d)
(3) (a), (b), (c)
(4) (b), (c), (d)

40. Which among the following is least populated continent in the year 2021 ?

(1) Europe
(2) North America
(3) South America
(4) Africa

41. As per World Migration Report – 2020, the international migrants' population is about –

(1) 121 Million
(2) 281 Million
(3) 581 Million
(4) 1281 Million

42. Which one of the following is the correct sequence of the Himalayan ranges from south to north ?

(1) Karakoram – Ladakh – Zaskar – Pir Panjal
(2) Ladakh – Zaskar – Pir Panjal – Karakoram
(3) Zaskar – Pir Panjal – Karakoram – Ladakh
(4) Pir Panjal – Zaskar – Ladakh – Karakoram

43. Which among the following place gets rainfall from south-west monsoon at the earliest ?

(1) Kolkata
(2) Mumbai
(3) Ranchi
(4) Agartala

44. निम्नलिखित में से कौन सी नदी ब्रह्मगिरी की पहाड़ी से निकलती है ?
(1) कावेरी
(2) महानदी
(3) कृष्णा
(4) साबरी

44. Which of the following river originates from Brahmgiri hills ?
(1) Kaveri
(2) Mahanadi
(3) Krishna
(4) Sabari

45. समुद्र तल से 500 से 1370 मीटर की ऊँचाई वाले पश्चिमी घाट के पश्चिमी भाग पर पाए जाते हैं –
(1) उष्णकटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती वन
(2) पर्वतीय आर्द्र शीतोष्ण वन
(3) उपोष्ण शुष्क सदाबहार वन
(4) उष्णकटिबंधीय आर्द्र सदाबहार वन

45. Western part of Western Ghat, between 500 to 1370 meters above sea level has –
(1) Tropical moist deciduous forest
(2) Montane wet temperate forest
(3) Subtropical dry evergreen forest
(4) Tropical wet evergreen forest

46. 31 मार्च, 2021 तक निम्न में से किस राज्य की पवन ऊर्जा क्षमता (धरातलीय स्तर से 100 मीटर की ऊँचाई तक) सर्वाधिक थी ?
(1) कर्नाटक की
(2) राजस्थान की
(3) महाराष्ट्र की
(4) गुजरात की

46. Which of the following State has highest wind energy potential at 100 meter above ground level upto 31 March, 2021 ?
(1) Karnataka
(2) Rajasthan
(3) Maharashtra
(4) Gujarat

47. निम्नलिखित में से कौन सा उद्योग आठ प्रमुख उद्योगों के मासिक सूचकांक के निर्माण में शामिल नहीं है ?
(1) कच्चा तेल
(2) प्राकृतिक गैस
(3) उर्वरक
(4) कपड़ा उद्योग

47. Which of the following industries is not included in the construction of monthly index of eight core industries ?
(1) Crude oil
(2) Natural gas
(3) Fertilizers
(4) Textiles

48. किस देश ने अप्रैल – नवम्बर 2021 के दौरान भारत के शीर्ष दस निर्यात गन्तव्यों में मलेशिया को प्रतिस्थापित कर स्थान बनाया है ?
(1) हांग-कांग (2) नीदरलैण्ड
(3) सिंगापुर (4) बेल्जियम

48. Which country has replaced Malaysia and entered into top ten leading export destinations of India during April-November 2021 ?
(1) Hong – Kong (2) Netherlands
(3) Singapore (4) Belgium

49. भारत के विदेशी व्यापार से सम्बन्धित निम्न कथनों पर ध्यान दीजिये :

(A) अप्रैल – नवम्बर 2021 में संयुक्त राज्य अमेरिका शीर्ष निर्यात गन्तव्य देश रहा ।

(B) वर्ष 2020-21 में सर्वाधिक निर्यात वस्तुएँ पेट्रोलियम उत्पाद रही हैं ।

ऊपर दिये गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(1) केवल (A)
(2) केवल (B)
(3) (A) और (B) दोनों
(4) न (A) और ना ही (B)

49. Consider the following statements regarding India's foreign trade :

(A) United States of America remained the top export destination in April – November 2021.

(B) Petroleum products are the top export commodity in the year 2020-21.

Which of the statements given above is/are correct ?

(1) Only (A)
(2) Only (B)
(3) Both (A) and (B)
(4) Neither (A) nor (B)

50. भारत में केन्द्र सरकार किसकी सिफारिशों के आधार पर 22 अनिवार्य कृषि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निश्चित करती है ?

(1) कृषि लागत व कीमत आयोग
(2) कृषि सांख्यिकी ब्यूरो
(3) स्वामीनाथन आयोग
(4) नाबार्ड

50. Central Government fixes minimum support price of 22 mandated agricultural crops in India on the basis of the recommendations of the

(1) Commission for Agricultural Costs and Prices
(2) Bureau of Agricultural Statistics
(3) Swaminathan Commission
(4) NABARD

51. भारत सरकार के द्वारा अक्टूबर 2021 में अधिसूचित सात पी.एम. मित्र पार्क का संबंध है –

(1) पर्यावरण सहायक कृषि के विकास से
(2) सूचना तकनीक क्षेत्र के चहुँमुखी विकास से
(3) सेवा क्षेत्र के निर्यातों के विकास से
(4) वस्त्र उद्योगों के विकास से

51. Seven PM MITRA Park notified in October 2021 by Govt. of India are related to

(1) the development of environment friendly agriculture.
(2) the all-round development of information technology sector.
(3) the development of service sector exports.
(4) the development of textile industries.

52. भारत शासन अधिनियम, 1919 के प्रावधान के अन्तर्गत विधान सभा में गैर–निर्वाचित सरकारी सदस्यों की संख्या थी –

(1) 40
(2) 26
(3) 28
(4) 32

52. Under the provision of Government of India Act, 1919, the number of non-elected official members in the Legislative Assembly were –

(1) 40
(2) 26
(3) 28
(4) 32

53. भारत शासन अधिनियम, 1935 की किस अनुसूची में तीन सूचियाँ थीं, जिनमें केन्द्र तथा प्रांतों के मध्य शक्तियों के विभाजन का प्रावधान था ?
(1) अनुसूची V (2) अनुसूची VI
(3) अनुसूची VII (4) अनुसूची VIII

54. गाधी ने 'हरिजन यात्रा' कब आरम्भ की ?
(1) 8 मई, 1933
(2) 17 सितम्बर, 1934
(3) 7 नवम्बर, 1933
(4) 15 जनवरी, 1918

55. मौलिक कर्त्तव्यों को सिखाने संबंधी सुझावों को कार्यान्वित करने वाली समिति के अध्यक्ष निम्न में से कौन थे ?
(1) जस्टिस जे.एस. वर्मा
(2) डॉ. करण सिंह
(3) जे.एम. लिंगदोह
(4) टी.एन. शेषन

56. निम्नांकित में से कौन सा भारत के संविधान में 42वें संशोधन द्वारा अन्तःस्थापित नहीं किया गया है ?
(1) भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्त्तव्य होगा कि वह हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे ।
(2) राज्य देश के पर्यावरण के संरक्षण तथा संवर्द्धन का और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा का प्रयास करेगा ।
(3) राज्य सहकारी समितियों के स्वैच्छिक निर्माण के प्रोत्साहन का प्रयास करेगा ।
(4) राज्य यह सुनिश्चित करेगा कि विधिक तन्त्र इस प्रकार काम करे कि समान अवसर के आधार पर न्याय सुलभ हो ।

53. Which Schedule of the Government of India Act, 1935 had three lists having provision of division of powers between the Centre and the Provinces ?
(1) Schedule V
(2) Schedule VI
(3) Schedule VII
(4) Schedule VIII

54. When did Gandhi start 'Harijan Yatra' ?
(1) 8 May, 1933
(2) 17 September, 1934
(3) 7 November, 1933
(4) 15 January, 1918

55. Who among the following was the Chairman of the Committee to operationalize the suggestions to teach Fundamental Duties ?
(1) Justice J.S. Verma
(2) Dr. Karan Singh
(3) J.M. Lyngdoh
(4) T.N. Seshan

56. Which of the following is not inserted in Constitution of India by the 42nd amendment?
(1) It shall be the duty of every citizen of India to value and preserve the rich heritage of our composite culture.
(2) The State shall endeavour to protect and improve the environment and to safeguard the forests and wild life of the country.
(3) The State shall endeavour to promote voluntary formation of co-operative societies.
(4) The State shall secure that the operation of the legal system promotes justice, on a basis of equal opportunity.

57. भारत के संविधान के निम्नांकित में से किस अनुच्छेद में यह उल्लेखित है कि राष्ट्रपति अन्य कोई लाभ का पद धारण नहीं करेगा ?

(1) 59 (1) (2) 59 (2)

(3) 59 (3) (4) 59 (4)

58. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में 'राजनीतिक दल' शब्दावली का उल्लेख है ?

(1) 74 (1) (2) 75 (1)

(3) 75 (1-क) (4) 75 (1-ख)

59. भारत के निम्नलिखित पूर्व प्रधानमंत्रियों पर विचार करें :

A. पी.वी. नरसिम्हा राव B. वी.पी. सिंह

C. इंदर कुमार गुजराल D. चंद्रशेखर

E. अटल बिहारी वाजपेयी F. एच.डी. देवेगौड़ा

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प उनके कार्यकाल का सही आरोहिक कालानुक्रमिक क्रम है ?

(1) B-A-D-E-C-F

(2) B-D-A-E-F-C

(3) D-A-B-F-C-E

(4) D-B-C-E-F-A

60. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | (राजनीतिक दल का नाम) | (स्थापना का वर्ष) |
|---|---|---|
| (i) | बहुजन समाज पार्टी | (a) 1949 |
| (ii) | द्रविड़ मुनेत्र कड़गम | (b) 1984 |
| (iii) | भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) | (c) 1939 |
| (iv) | जम्मू और कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस | (d) 1964 |

कूट :

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (2) | (b) | (d) | (a) | (c) |
| (3) | (b) | (a) | (d) | (c) |
| (4) | (d) | (b) | (c) | (a) |

57. In which of the following Articles of the Constitution of India, it is mentioned that the President shall not hold any other office of profit ?

(1) 59 (1) (2) 59 (2)

(3) 59 (3) (4) 59 (4)

58. In which of the following Articles of the Constitution of India, the terminology 'Political Party' is mentioned ?

(1) 74 (1) (2) 75 (1)

(3) 75 (1-A) (4) 75 (1-B)

59. Consider the following former Prime Ministers of India :

A. P.V. Narasimha Rao

B. V.P. Singh

C. Inder Kumar Gujral

D. Chandra Shekhar

E. Atal Bihari Vajpayee

F. H.D. Deve Gowda

Which one of the following option is correct ascending chronological order of their tenure ?

(1) B-A-D-E-C-F

(2) B-D-A-E-F-C

(3) D-A-B-F-C-E

(4) D-B-C-E-F-A

60. Match the following and select the correct answer from the codes given below :

| | **(Name of Political Party)** | **(Year of Foundation)** |
|---|---|---|
| (i) | Bahujan Samaj Party | (a) 1949 |
| (ii) | Dravida Munnetra Kazhagam | (b) 1984 |
| (iii) | Communist Party of India (Marxist) | (c) 1939 |
| (iv) | Jammu and Kashmir National Conference | (d) 1964 |

**Codes :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (2) | (b) | (d) | (a) | (c) |
| (3) | (b) | (a) | (d) | (c) |
| (4) | (d) | (b) | (c) | (a) |

61. फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की स्थापना किस वर्ष की गयी ?

(1) 1925 (2) 1926
(3) 1927 (4) 1949

62. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

| (राजनीतिक दल) | (संस्थापक) |
|---|---|
| (1) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) | – एम.एन. रॉय |
| (2) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी | – शरद पवार, पी.ए. संगमा और तारिक अनवर |
| (3) अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस | – ममता बनर्जी |
| (4) नेशनल पीपुल्स पार्टी | - पूर्णो एजीतोक संगमा |

63. यू.एन. शांति अभियान के संबंध में निम्न में से कौन से कथन सही हैं ?

I. 29 मई को अंतर्राष्ट्रीय यू.एन. शांति अभियान दिवस के रूप में मनाया जाता है।
II. यू.एन. चार्टर का अध्याय VI विवादों के शांतिपूर्ण समाधान से संबन्धित है।
III. यू.एन. चार्टर के अध्याय VII में शांति, शांति के उल्लंघन और आक्रामकता संबंधी कार्यों पर कार्रवाई संबंधित प्रावधान हैं।
IV. यू.एन. चार्टर में शांति अभियान का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है।

(1) I, II और III सही हैं।
(2) II और III सही हैं।
(3) I, II और IV सही हैं।
(4) I, II, III और IV सही हैं।

61. The Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry (FICCI) was established in which year ?

(1) 1925 (2) 1926
(3) 1927 (4) 1949

62. Which of the following pair is incorrectly matched ?

| **(Political Party)** | **(Founder)** |
|---|---|
| (1) Communist Party of India (Marxist) | – M.N. Roy |
| (2) Nationalist Congress Party | – Sharad Pawar, P.A. Sangma and Tariq Anwar |
| (3) All India Trinamool Congress | – Mamata Banerjee |
| (4) National People's Party | – Purno Agitok Sangma |

63. Which of the following statements are correct with reference to the UN Peacekeeping ?

I. 29th May is celebrated as the International Day of UN Peacekeeping.
II. Chapter VI of the UN charter deals with the pacific settlement of disputes.
III. Chapter VII of the UN charter contains provisions related to "Action with respect to the peace, breaches of the peace and acts of aggression.
IV. There is no explicit mention of peacekeeping in the UN charter.

(1) I, II and III are correct.
(2) II and III are correct.
(3) I, II and IV are correct.
(4) I, II, III and IV are correct.

64. निम्नांकित में से कौन सी वैश्वीकरण की विशेषताएँ हैं ?

I. विप्रादेशिकीकरण

II. उपभोक्तावाद

III. एकरूपता

सही उत्तर है :

(1) I, II और III सही हैं ।

(2) केवल I और II सही हैं ।

(3) केवल I और III सही हैं ।

(4) केवल II और III सही हैं ।

64. Which of the following are the characteristics of globalization ?

I. Deterritorialization

II. Consumerism

III. Homogenization

Correct answer is :

(1) I, II and III are correct.

(2) Only I and II are correct.

(3) Only I and III are correct.

(4) Only II and III are correct.

65. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के एक अस्थायी सदस्य के रूप में भारत के दो साल के कार्यकाल (2021-22) का समग्र उद्देश्य नोर्म्स (N.O.R.M.S.) की उपलब्धि है, जिसका अर्थ है –

(1) न्यू ओरिएंटेशन एंड रिफोर्मेशन इन मल्टीलेवल सिक्योरिटीज

(2) न्यू ऑर्गेनाइज़ेशन फॉर रिएलाइनमेंट ऑफ मल्टीफेक्टोरियल सिक्योरिटीज

(3) न्यू ओरिएंटेशन फॉर ए रिफॉर्म्ड मल्टीलेट्रल सिस्टम

(4) न्यू आर्गेनाइज़ेशन फॉर ए रिएक्शनरी मल्टीलेट्रल सिस्टम

65. Overall objective of India's two-year term (2021-22) as a non-permanent member of the UN Security Council is the achievement of N.O.R.M.S., which means -

(1) New Orientation and Reformation in Multilevel Securities

(2) New Organisation for Realignment of Multifactorial Securities

(3) New Orientation for a Reformed Multilateral System

(4) New Organisation for a Reactionary Multilateral System

66. निम्नलिखित में से किसने सिंधु जल समझौता, 1960 पर हस्ताक्षर किए ?

(1) जवाहरलाल नेहरू – मोहम्मद अयूब खान

(2) एस. राधाकृष्णन – मोहम्मद अयूब खान

(3) वी.के. कृष्णा मेनन – मोहम्मद अली

(4) जवाहरलाल नेहरू – हुसैन शाहिद सुहारवर्दी

66. Who of the following have signed the Indus-water treaty, 1960 ?

(1) Jawaharlal Nehru – Mohammed Ayub Khan

(2) S. Radhakrishnan – Mohammed Ayub Khan

(3) V.K. Krishna Menon – Mohammed Ali

(4) Jawaharlal Nehru – Hussain Shaheed Suharwardi

67. निम्नलिखित अरावली पर्वत शिखरें हैं । इन शिखरों को ऊँचाई के अनुसार घटते क्रम में क्रमबद्ध करिये :

(A) गुरुशिखर (B) अचलगढ़
(C) कुम्भलगढ़ (D) सेर
(E) दिलवाड़ा

कूट :
(1) (A) (D) (E) (B) (C)
(2) (A) (B) (C) (D) (E)
(3) (E) (D) (C) (B) (A)
(4) (A) (D) (B) (C) (E)

68. राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी पठारी भाग में औसत वार्षिक वर्षा होती है :

(1) 40 सेमी. से 70 सेमी. के मध्य
(2) 80 सेमी. से 120 सेमी. के मध्य
(3) 70 सेमी. से 80 सेमी. के मध्य
(4) 10 सेमी. से 20 सेमी. के मध्य

69. राजस्थान की निम्नलिखित नदियों को उनकी सहायक नदियों से सुमेलित कीजिए :

| (मुख्य नदी) | (सहायक नदियाँ) |
|---|---|
| (i) चम्बल | (a) खारी, बांडी |
| (ii) माही | (b) सिवान, परवन |
| (iii) साबरमती | (c) अनास, चाप |
| (iv) बनास | (d) वाकल, हथमति |

कूट :

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (b) | (c) | (d) | (a) |
| (2) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (3) | (d) | (c) | (b) | (a) |
| (4) | (c) | (d) | (a) | (b) |

70. 2011 की जनगणना के अनुसार, 90% से अधिक राजस्थान की कुल जनजातीय जनसंख्या में शामिल हैं :

(1) मीणा तथा गरासिया
(2) मीणा तथा भील
(3) भील तथा सहरिया
(4) मीणा तथा सहरिया

67. The following are the mountain peaks of Aravalli. Arrange these peaks in descending order according to heights :

(A) Guru Shikhar (B) Achalgarh
(C) Kumbhalgarh (D) Ser
(E) Delwara

Codes :
(1) (A) (D) (E) (B) (C)
(2) (A) (B) (C) (D) (E)
(3) (E) (D) (C) (B) (A)
(4) (A) (D) (B) (C) (E)

68. Average annual rainfall in south – east plateau region of Rajasthan is

(1) Between 40 cm to 70 cm
(2) Between 80 cm to 120 cm
(3) Between 70 cm to 80 cm
(4) Between 10 cm to 20 cm

69. Match the following rivers of Rajasthan with their tributaries :

| (Main Rivers) | (Tributaries) |
|---|---|
| (i) Chambal | (a) Khari, Bandi |
| (ii) Mahi | (b) Siwan, Parwan |
| (iii) Sabarmati | (c) Anas, Chap |
| (iv) Banas | (d) Wakal, Hathmati |

Codes :

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (b) | (c) | (d) | (a) |
| (2) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (3) | (d) | (c) | (b) | (a) |
| (4) | (c) | (d) | (a) | (b) |

70. As per 2011 census, more than 90% of the total tribal population of Rajasthan comprises of :

(1) Meena and Garasia
(2) Meena and Bhil
(3) Bhil and Saharia
(4) Meena and Saharia

71. शुष्क सागवन वन के लिये सबसे उपयुक्त जिला है :
(1) भरतपुर
(2) श्रीगंगानगर
(3) जालौर
(4) बाँसवाड़ा

71. The district most suitable for the Dry teak forest is :
(1) Bharatpur
(2) Sriganganagar
(3) Jalore
(4) Banswara

72. राजस्थान राज्य के पशुपालन विभाग द्वारा गौवंश प्रजनन हेतु 'गोपाल' कार्यक्रम राज्य के दस दक्षिण-पूर्वी जिलों में किस वर्ष में आरम्भ हुआ ?
(1) 1991 – 92
(2) 1990 – 91
(3) 1989 – 90
(4) 1987 – 88

72. When was 'Gopal' programme implemented in ten south-eastern districts by Animal Husbandry Department of Rajasthan aiming at intensive cow breeding ?
(1) 1991 – 92
(2) 1990 – 91
(3) 1989 – 90
(4) 1987 – 88

73. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के शहरी क्षेत्रों में महिला साक्षरता दर थी :
(1) 70.73%
(2) 79.61%
(3) 72.52%
(4) 67.91%

73. As per census 2011, female literacy rate in urban areas of Rajasthan was :
(1) 70.73%
(2) 79.61%
(3) 72.52%
(4) 67.91%

74. लोको तथा कैरिज वर्कशॉप अवस्थित है
(1) भरतपुर
(2) अलवर
(3) कोटा
(4) अजमेर

74. Loco and Carriage Workshop is located at
(1) Bharatpur
(2) Alwar
(3) Kota
(4) Ajmer

75. निम्नलिखित में से राजस्थान के अफीम उत्पादक जिले कौन से हैं ?
(1) चित्तौड़गढ़, झालावाड़
(2) जयपुर, दौसा
(3) धौलपुर, भरतपुर
(4) अजमेर, नागौर

75. Among the following, which are the opium producing districts of Rajasthan ?
(1) Chittorgarh, Jhalawar
(2) Jaipur, Dausa
(3) Dholpur, Bharatpur
(4) Ajmer, Nagaur

76. राजस्थान के ग्रामीण पर्यटन स्थलों को उनके सम्बन्धित प्रदेशों से सुमेलित कीजिए :

| अवस्थिति (प्रदेश) | ग्रामीण पर्यटन स्थल |
|---|---|
| (i) मेवाड़ | (a) तालछापर, जीणमाता |
| (ii) हाड़ौती | (b) ओसियां, किराडू मन्दिर |
| (iii) मारवाड़ | (c) हल्दीघाटी, मेणाल |
| (iv) शेखावाटी | (d) रामेश्वर महादेव, सीताबाड़ी |

कूट :

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (d) | (b) | (c) | (a) |
| (2) | (c) | (a) | (d) | (b) |
| (3) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (4) | (b) | (c) | (a) | (d) |

77. प्रतिहारों की 26 शाखाओं में से, सबसे प्राचीन शाखा है :
(1) ग्वालियर (2) मण्डोर
(3) उज्जैन (4) कन्नौज

78. आहड़ के उत्खनन का कार्य सर्वप्रथम 1953 ई. में किसके नेतृत्व में हुआ ?
(1) अक्षय कीर्ति व्यास
(2) रतनचन्द्र अग्रवाल
(3) एच.डी. सांकलिया
(4) वी.एन. मिश्र

79. अजमेर की स्थापना के पूर्व चौहानों की राजधानी कौन सी थी ?
(1) मण्डोर (2) दिल्ली
(3) सांभर (4) जालौर

80. अल्लाउद्दीन खिलजी ने जालौर के किस राजपूत वंश का अन्त कर दिया था ?
(1) गुहिल वंश (2) राठौड़ वंश
(3) कछवाहा वंश (4) सोनगरा चौहान वंश

76. Match the rural tourism centres of Rajasthan with their locations :

| Location (Region) | Rural Tourism Centre |
|---|---|
| (i) Mewar | (a) Taalchhapar, Jeenmata |
| (ii) Hadoti | (b) Osiyan, Kiradu temple |
| (iii) Marwar | (c) Haldighati, Menal |
| (iv) Shekhawati | (d) Rameshwar Mahadev, Sitabari |

Codes :

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (d) | (b) | (c) | (a) |
| (2) | (c) | (a) | (d) | (b) |
| (3) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (4) | (b) | (c) | (a) | (d) |

77. Out of 26 branches of the Pratihars, the most ancient is ____.
(1) Gwalior (2) Mandore
(3) Ujjain (4) Kannauj

78. In 1953, under whose leadership was the work of excavation at Ahar taken up for the first time ?
(1) Akshay Kirti Vyas
(2) Ratan Chandra Agarwal
(3) H.D. Sankalia
(4) V.N. Misra

79. Where was the capital of Chauhans before the foundation of Ajmer ?
(1) Mandore (2) Delhi
(3) Sambhar (4) Jalore

80. Which Rajput dynasty of Jalore was ended by Allauddin Khilji ?
(1) Guhil dynasty
(2) Rathore dynasty
(3) Kachhwaha dynasty
(4) Songara Chouhan dynasty

81. अपनी सामाजिक विकास की प्रक्रिया में बालक समूह बनाता है, वह अवस्था है –
(1) किशोरावस्था (2) प्रौढ़ावस्था
(3) बाल्यावस्था (4) शैशवावस्था

82. "प्राणी के वांछित व्यवहारों के लिए पुनर्बलन महत्त्वपूर्ण है ।" यह निम्नलिखित में से किस मनोवैज्ञानिक से सम्बन्धित है ?
(1) जीन पियाजे
(2) बी.एफ. स्कीनर
(3) लॉरेन्स कोहलबर्ग
(4) ई.एच. एरिक्सन

83. 'अधिगम धीरे-धीरे होता है न कि अन्तर्दृष्टि युक्त' - यह निम्नलिखित में से किस मनोवैज्ञानिक से सम्बन्धित है ?
(1) आई.पी. पॉवलोव
(2) ई.एल. थॉर्नडाइक
(3) जे.बी. वाटसन
(4) बी.एफ. स्कीनर

84. 'अन्तर्दृष्टि द्वारा अधिगम' के प्रवर्तक हैं –
(1) कोहलर
(2) बंडूरा
(3) वायगोत्स्की
(4) गेने

85. व्यक्तित्व का '16 व्यक्तित्व कारक सिद्धांत' देने वाले मनोवैज्ञानिक हैं –
(1) आलपोर्ट (2) फ्रॉयड
(3) कैटल (4) एडलर

86. जुंग के अनुसार व्यक्तित्व के प्रकार हैं –
(1) अन्तर्मुखी, बहिर्मुखी
(2) एण्डोमॉर्फिक, एक्टोमॉर्फिक
(3) पिकनिक, एथ्लेटिक
(4) कॉलेरिक, फ्लेग्मैटिक

81. In his process of social development, a child forms group, that stage is –
(1) Adolescent (2) Adulthood
(3) Childhood (4) Infancy

82. "Reinforcement is important for desired behaviour of animal." This is related to which one of the following psychologist ?
(1) Jean Piaget
(2) B.F. Skinner
(3) Lawrence Kohlberg
(4) E.H. Eriksen

83. 'Learning is gradual not insightful.' – This is related to which one of the following psychologist ?
(1) I.P. Pavlov
(2) E.L. Thorndike
(3) J.B. Watson
(4) B.F. Skinner

84. Profounder of 'Learning by insight' is –
(1) Kohler
(2) Bandura
(3) Vygotsky
(4) Gagne

85. The psychologist who gave '16 Personality Theory' of personality is –
(1) Allport (2) Freud
(3) Cattle (4) Adler

86. According to Jung, types of personality are –
(1) Introvert, Extrovert
(2) Endomorphic, Ectomorphic
(3) Pyknic, Athletic
(4) Coleric, Phlegmatic

87. थेमेटिक एपरसेप्शन परीक्षण (टी.ए.टी.) ______ का उदाहरण है।
(1) वस्तुनिष्ठ परीक्षण
(2) प्रक्षेपी परीक्षण
(3) मापनी (रेटिंग स्केल)
(4) अप्रक्षेपी परीक्षण

88. ई.एल. थॉर्नडाइक ने बुद्धि के जिस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया, वह है –
(1) द्विकारक सिद्धान्त
(2) बहुकारक सिद्धान्त
(3) समूह कारक सिद्धान्त
(4) एक कारक सिद्धान्त

89. बुद्धि मापन के लिए "बुद्धि-लब्धि" शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम ______ मनोवैज्ञानिक ने किया था।
(1) स्टर्न
(2) गिलफोर्ड
(3) वैश्लर
(4) स्पीयरमैन

90. यदि एक बालक की वास्तविक आयु 12 वर्ष 6 माह तथा मानसिक आयु 18 वर्ष है, तो टर्मन के अनुसार उसकी बुद्धिमता का स्तर क्या होगा ?
(1) प्रतिभाशाली
(2) पिछड़ा
(3) सीमा पर (सीमावर्ती)
(4) औसत बुद्धि

91. यदि कोई बालक अपने निष्पादन में श्रेष्ठता को प्राप्त करना चाहता है, तब उसमें कौन सा अभिप्रेरणात्मक बल कार्य करता है ?
(1) उपलब्धि अभिप्रेरणा
(2) शक्ति अभिप्रेरणा
(3) परोपकारिता अभिप्रेरणा
(4) सम्बन्ध बनाने की अभिप्रेरणा

87. The Thematic Apperception Test (T.A.T) is an example of
(1) Objective Test
(2) Projective Test
(3) Rating Scale
(4) Non-projective Test

88. The theory of intelligence which was propounded by E.L. Thorndike is –
(1) Two-factor theory
(2) Multi-factor theory
(3) Group factor theory
(4) Uni-factor theory

89. ______ psychologist used the term "Intelligence Quotient" for measurement of intelligence for the first time.
(1) Stern
(2) Guilford
(3) Wechcler
(4) Spearman

90. If the chronological age of a child is 12 years and 6 months, and his mental age is 18 years, then according to Terman, what would be the level of his intelligence ?
(1) Gifted
(2) Backward
(3) Borderline
(4) Average intelligence

91. If a child wants to achieve excellence in his performance, then which motivational force works in him ?
(1) Achievement motivation
(2) Power motivation
(3) Altruistic motivation
(4) Affiliation motivation

92. अभिप्रेरणा की प्रक्रिया का आरंभ होता है –

(1) अभिप्रेरकों से

(2) उद्दीपनों से

(3) आवश्यकताओं से

(4) चालकों से

92. The process of motivation starts from

(1) Motives

(2) Incentives

(3) Needs

(4) Drives

93. कक्षा VIII के एक बालक को निम्न में से किस मुख्य विशेषता के आधार पर प्रतिभाशाली कहेंगे ?

(1) विविध पाठ्य-सहगामी क्रियाओं में सहभागिता

(2) उच्च बुद्धि-लब्धि

(3) सामान्य से अधिक लम्बाई-चौड़ाई

(4) सभी के साथ सहयोगात्मक व्यवहार

93. On the basis of which of the below characteristics, a child of VIII Standard will be called gifted ?

(1) Participation in various co-curricular activities

(2) High I.Q.

(3) Above average height - width

(4) Co-operative behaviour with all

94. निम्न में से कौन सा मनोवैज्ञानिक रूप से व्यक्तिगत भिन्नता का आधार है ?

(1) आर्थिक भिन्नता

(2) जातिगत भिन्नता

(3) धार्मिक भिन्नता

(4) बौद्धिक भिन्नता

94. Which among the following is the psychological base of individual difference ?

(1) Economic difference

(2) Caste difference

(3) Religious difference

(4) Intellectual difference

95. किसी वस्तु, घटना पर ध्यान देने और उसे पसन्द करने का गुण है –

(1) अभिरुचि

(2) अभिवृत्ति

(3) अभिक्षमता

(4) सृजनात्मकता

95. The characteristic of giving attention and liking anything, phenomenon is

(1) Interest

(2) Attitude

(3) Aptitude

(4) Creativity

96. अभिक्षमता के लिए निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) यह भावात्मक पक्ष से सम्बन्धित है ।

(2) यह एक जन्मजात गुण है ।

(3) यह एक विशिष्ट योग्यता है ।

(4) यह भावी सफलताओं की ओर संकेत करती है ।

96. Which one of the following statements is not correct for aptitude ?

(1) It is related to affective domain.

(2) It is an innate quality.

(3) It is a special ability.

(4) It indicates towards future successes.

97. शिक्षा मनोविज्ञान के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सर्वाधिक उपयुक्त है ?

(1) शिक्षा मनोविज्ञान अधिगमकर्ता के व्यवहार के साथ कार्य करता है ।

(2) शिक्षा मनोविज्ञान बालक की वृद्धि एवं विकास का अध्ययन है ।

(3) शिक्षा मनोविज्ञान व्यक्ति के अधिगम अनुभवों की व्याख्या करता है ।

(4) शिक्षा मनोविज्ञान शैक्षिक परिस्थितियों के मनोवैज्ञानिक आयामों का अध्ययन है ।

98. निम्नलिखित में से शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति को दर्शाने वाला सर्वाधिक सही उत्तर कौन सा है ?

(1) अनुप्रयुक्त (एप्लाईड) मनोविज्ञान

(2) जन्तु मनोविज्ञान

(3) विकासात्मक मनोविज्ञान

(4) संज्ञानात्मक मनोविज्ञान

99. व्यवहार में _____ परिवर्तन वृद्धि है ।

(1) मात्रात्मक

(2) गुणात्मक

(3) संज्ञानात्मक

(4) मनोगत्यात्मक

100. वृद्धि के सम्बन्ध में कौन सा तथ्य सही नहीं है ?

(1) वृद्धि मात्रात्मक परिवर्तन है ।

(2) वृद्धि के कारण कार्य क्षमता में परिवर्तन होता है ।

(3) वृद्धि परिपक्वता के बाद रुक जाती है ।

(4) सामान्यतया वृद्धि विकास में योगदान देती है, पर हमेशा नहीं ।

97. Which statement among the following is most appropriate in reference to Educational Psychology ?

(1) Educational Psychology deals with behaviour of learner.

(2) Educational Psychology is the study of growth and development of child.

(3) Educational Psychology explains the learning experiences of an individual.

(4) Educational Psychology is the study of psychological aspects of educational situations.

98. Among the following, which is the most correct answer which shows the nature of Educational Psychology ?

(1) Applied Psychology

(2) Animal Psychology

(3) Developmental Psychology

(4) Cognitive Psychology

99. _____ changes in behaviour is growth.

(1) Quantitative

(2) Qualitative

(3) Cognitive

(4) Psychomotor

100. Which fact is not correct in relation to growth ?

(1) Growth is quantitative change.

(2) Changes in functional efficiency due to growth.

(3) Growth stops after maturity.

(4) Usually growth contributes to development, but not always.



4155877